भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2976
10.03.2026 को उत्तर के लिए नियत

उत्तर प्रदेश में कांच कारखाना

2976. श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेलः

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) चित्रकूट जिले के बारगढ़ में स्थित कांच कारखाने के पुनरुद्धार के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त कारखाने के पुनरुद्धार के लिए उत्तर प्रदेश राज्य खनिज विकास निगम (यूपीएसएमडीसी) द्वारा आवंटित की गई निधि और किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए निविदा प्रक्रिया शुरु करने का कोई प्रस्ताव है और इसकी निर्धारित समय-सीमा क्या है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) कारखाने को पुनः चालू करने के लिए सरकार द्वारा क्या लक्षित समय-सीमा निर्धारित की गई है और इससे रोजगार के कितने अवसर सृजित होने की संभावना है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क): चूंकि भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार उद्योग राज्य का एक विषय है, इसलिए भारी उद्योग मंत्रालय, उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के बारगढ़ सहित देश के किसी भी भाग में भारी उद्योगों की स्थापना/पुनरुद्धार से संबंधित कोई भी केंद्रीकृत आंकड़े नहीं रखता है।

(ख) से (ङ): प्रश्न ही नहीं उठता।

*****